# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 04.06.2025

## प्रकाशनार्थ

### दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन

**दिनांक 04.06.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर के प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। आज दिनांक 04 जून 2025 को कॉलेज के प्लेसमेंट सेल एवं एन.आई. आई.टी. गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'एक्सीस एवं एच.डी.एफ.सी. यंग बैंकर प्रोग्राम' के अंतर्गत एक दिवसीय करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बैंकिंग सेक्टर में करियर की तलाश कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर बनकर उभरा।**

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11:00 बजे कॉलेज परिसर के प्लेसमेंट कक्ष में हुई, जिसमें कॉलेज के विभिन्न संकायों के लगभग 120 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को बैंकिंग क्षेत्र की संभावनाओं, आवश्यक कौशलों तथा उद्योग की वर्तमान मांगों से परिचित कराना था, ताकि वे रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।

**काउंसलिंग सत्र में विशेषज्ञों की मार्गदर्शन–**

इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य काउंसलर के रूप में उपस्थित रहे आशुतोष शुक्ल, वरिष्ठ काउंसलर, एन.आई.आई.टी. गोरखपुर। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र की व्यापकता, उसमें उपलब्ध विभिन्न प्रकार की नौकरियों, उनके स्वरूप तथा चयन प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी दी। अपने प्रेरक वक्तव्य में श्री शुक्ल ने बताया कि आज के समय में बैंकिंग केवल एक फाइनेंशियल प्रोफाइल नहीं रह गई है, बल्कि इसमें टेक्नोलॉजी, ग्राहक सेवा, जोखिम प्रबंधन, डिजिटल बैंकिंग, क्रेडिट एनालिसिस आदि विभिन्न स्किल्स की आवश्यकता होती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी व्यक्तिगत योग्यताओं की पहचान कर उन्हें बैंकिंग जॉब की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू फेसिंग स्किल्स, प्रोफेशनल कम्युनिकेशन, करियर मैनेजमेंट एवं भावनात्मक स्थिरता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

**कार्यक्रम के दूसरे सत्र में श्री अविनाश श्रीवास्तव, एसिडिक हेड, बालाजी एकेडमी ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए विभिन्न बैंकिंग पाठ्यक्रमों एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम्स की जानकारी साझा की।** उन्होंने एच.डी.एफ.सी. एवं एक्सीस बैंक द्वारा संचालित 'यंग बैंकर प्रोग्राम' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि यह प्रोग्राम प्रतिभाशाली युवाओं को बैंकिंग क्षेत्र में प्रशिक्षित कर तत्कालीन रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है।

**प्रेरणा, मार्गदर्शन और चयन की प्रक्रिया**

दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और उनके करियर संबंधित भ्रमों को दूर किया। इस अवसर पर आयोजित काउंसलिंग एवं स्क्रीनिंग सेशन में उपस्थित 120 विद्यार्थियों में से 40 विद्यार्थियों का चयन प्लेसमेंट के अगले चरण हेतु किया गया, जिसमें समूह चर्चा, पर्सनल इंटरव्यू एवं फाइनल ट्रेनिंग प्रोग्राम की सहभागिता शामिल होगी। चयनित विद्यार्थियों में बी.कॉम, बी.ए., एम.ए. एवं अन्य संकायों के छात्र–छात्राएं सम्मिलित हैं, जिन्होंने इस अवसर को गंभीरता से लिया और अपने प्रदर्शन से विशेषज्ञों को प्रभावित किया।

विशेषज्ञों ने चयनित विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रक्रिया के अगले चरण की तैयारियों हेतु सुझाव भी दिए और भरोसा दिलाया कि बैंकिंग क्षेत्र में यदि लगातार मेहनत और स्किल डेवलपमेंट किया जाए, तो उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएं अनंत हैं।

**प्लेसमेंट सेल की सक्रिय भूमिका**

इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में प्लेसमेंट सेल के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम की रूपरेखा, समन्वय, छात्रों की भागीदारी और साक्षात्कार प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप देने में डॉ. दीपक सहानी, डॉ. हरिशंकर गुप्ता, अनुराधा सिंह, मुदित दुबे एवं कौशल प्रताप सिंह की विशेष भूमिका रही। इन सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों को पूर्व तैयारी हेतु मार्गदर्शन भी दिया तथा आयोजन के दौरान उन्हें प्रेरित करते हुए उनका आत्मविश्वास बढ़ाया।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क